# देर रात तक धड़ल्ले से बिक रही शराब

**खास बातें**
- शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई
- रेलवे स्टेशन और हनुमान मंदिर में ठेकेदारों की मनमानी
- दोगुने दाम पर बिक्री का आरोप




नवभारत न्यूज
गंजबासौदा 13 फरवरी, नगर के मध्य एवं आसपास के क्षेत्रों में संचालित शराब दुकानों को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. आरोप है कि निर्धारित समय रात्रि 10 बजे के बाद भी शराब की बिक्री जारी रहती है. खासकर रेलवे स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर क्षेत्र की दुकान तथा पूर्वी रेलवे कॉलोनी के आसपास संचालित ठिकानों पर पीछे के दरवाजों से दोगुने दाम पर शराब बेची जा रही है.

**कब तक चुप रहेंगे-जनप्रतिनिधि**

जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी नागरिकों ने नाराजगी जताई है. उनका कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही, जिससे शराब माफिया बेखौफ होकर अपना कारोबार चला रहे हैं. नागरिकों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई कर नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि देर रात तक खुलेआम शराब उपलब्ध होने से क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है. जरूरतमंदों को मनमाने रेट पर शराब दी जा रही है, जिससे ठेकेदारों की मनमानी साफ दिखाई दे रही है. लोगों का आरोप है कि आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है. बताया जाता है कि इन दुकानों को हटाने की मांग को लेकर पूर्व में 15 दिनों तक धरना-प्रदर्शन भी किया गया था. उस समय तत्कालीन कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया था. लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है. अब हालात यह हैं कि रात भर शराब की बिक्री होने के आरोप लग रहे हैं.

# कुपोषित बच्चे और महिलाओं को वक्त पर नहीं मिलतीं दवाएं

**गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए भेजी गई दवाएं हो रहीं नष्ट**




नवभारत न्यूज
**13 फरवरी नटेरन, तहसील मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. क्षेत्र के कई आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलने वाली दवाओं और पोषण सामग्री के वितरण में भारी अनियमितता सामने आ रही है. आरोप है कि गरीब बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए शासन द्वारा भेजी जाने वाली दवाएं लाभार्थियों तक पहुंच ही नहीं पा रहीं.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई केंद्रों में दवाओं का सही वितरण नहीं हो रहा, बल्कि उन्हें नष्ट कर दिया जाता है या लापरवाही के कारण बेकार हो जाती हैं. गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों के लिए दी जाने वाली आवश्यक दवाएं और पोषण आहार नियमित रूप से उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है.

स्थिति यह भी बताई जा रही है कि कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने पदस्थ ग्राम में निवास नहीं कर रहीं और अन्य स्थानों से अप-डाउन कर रही हैं. इसके चलते वे समय पर केंद्र नहीं पहुंच पातीं. शासन के नियम अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुले रहने चाहिए, लेकिन कई केंद्रों में ताले लटके मिलते हैं. कुछ स्थानों पर तो एक-एक सप्ताह तक केंद्र नहीं खुलने की शिकायत है. कई केंद्र सहायिकाओं के भरोसे चल रहे हैं, वहीं जहां सहायिका की नियुक्ति नहीं है वहां व्यवस्थाएं और अधिक प्रभावित हैं. ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है.

## एक नजर में

### 105वीं जयंती पर स्व. रघुवीर चरण शर्मा को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज
**विदिशा,** पुनर्निर्मित शहीद ज्योति स्तंभ उद्यान परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी न्यास के तत्वावधान में स्व. रघुवीर चरण शर्मा की 105वीं जयंती पुष्पांजलि सभा कर मनाई गई. कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों ने उनके राष्ट्र और समाज के प्रति योगदान को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. कच्छी भवन परिसर में निराश्रितों को भोजन प्रसादी भी वितरित की गई. वरिष्ठ लेखक डॉ. सुरेश गर्ग ने उनके जीवन को प्रेरणादायी बताया. कार्यक्रम की शुरुआत प्रदीप जैन ने राष्ट्रभक्ति गीत से की. संचालन अरविंद श्रीवास्तव ने किया तथा आभार सचिव रामकृष्ण शर्मा ने व्यक्त किया.

### हस्तशिल्प प्रदर्शनी 19 फरवरी तक

नवभारत न्यूज
**विदिशा,** हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है.जिसके प्रायोजक कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं आयोजक मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल द्वारा किया जा रहा है यह आयोजन दिनांक 10 फरवरी से 19 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक विदिशा के रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक ऑडिटोरियम भवन विदिशा में किया जा रहा है.इस हस्तशिल्प प्रदर्शनी में सम्पूर्ण भारत की हस्तशिल्पियोऔ द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है. यहां विश्व प्रसिद्ध भागलपुर की सिल्क साड़ियां एवं सूत, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी जरदोजी एवं जूत उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट मधुबनी की मधुबनी पेंटिंग, प्रयागराज का ड्राई फ्लावर ऑफ, हैदराबाद की कलमकारी, हैंड ब्लॉक प्रिंट, महोबा उत्तर प्रदेश का आर्ट मेटल, जयपुर का लेदर वर्क ने किया.

# होली महोत्सव में ब्रजभूमि में गूंजेगी श्रीमद् भागवत कथा

**महाराज की अमृतवाणी से भक्त होंगे भाव-विभोर**

नवभारत न्यूज
**गंजबासौदा, होली के उल्लास के बीच ब्रजभूमि में इस बार भक्ति और भागवत का रंग साथ घुलने जा रहा है. नगर में वेदांत आश्रम संस्कृत विद्यालय के संस्थापक काशीपीठाधीश्वर, जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज की अमृतवाणी से होने वाला श्रीमद्भागवत कथा आयोजन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस से सराबोर करेगा.ब्रजभूमि वृंदावन में इस बार होली महोत्सव श्रद्धा, आस्था और सनातन परंपरा के रंगों में सराबोर होगा.**



25 फरवरी से 4 मार्च तक भक्ति वेदान्त मंदिर, सुनरख रोड, श्रीजी पुरम में होली महोत्सव के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है. कथा का वाचन काशीपीठाधीश्वर जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज द्वारा किया जाएगा. वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि आयोजन के तहत 25 फरवरी से प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण जगद्गुरु डॉ वेदांती जी द्वारा कराया जाएगा. कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के साथ भक्त प्रह्लाद, ध्रुव और भरत चरित्र जैसे प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, सेवा और समर्पण के भाव से जोड़ा जाएगा. आयोजन समिति के अनुसार, यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों से जोड़ने का सार्थक प्रयास है. होली महोत्सव के अंतर्गत ब्रज की परंपरागत होली परंपराओं का जीवंत दर्शन भी श्रद्धालुओं को कराया जाएगा. जिसमें 28 फरवरी को श्री सुंदरकांड पाठ, 2 मार्च को होली मिलन समारोह एवं संत समागम, 3 मार्च को फूलों की होली एवं होलिका दहन तथा 4 मार्च को श्रीधाम वृंदावन परिक्रमा का आयोजन होगा. महाराजश्री की वाणी में शास्त्र और साधना का संतुलित समन्वय है, जो श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति के साथ जीवन मूल्यों की दिशा देता है। कथा के मुख्य यजमान मनोहर राजपूत एवं अर्चना राजपूत नर्मदापुरम के सान्निध्य में आयोजित इस महोत्सव का सीधा प्रसारण महाराज श्री के अधिकृत यूट्यूब चैनल पर भी लाइव देश-विदेश में रह रहे श्रद्धालु कथा का लाभ ले सकें.

## थानों में विधिक सहायता लागू होना सराहनीय- बोहत

नवभारत न्यूज
**विदिशा** ,थानों में हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को तत्काल कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की नई व्यवस्था को न्याय तक आमजन की पहुंच मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय बताया गया है.अधिवक्ता सुभाष बोहत एवं अधिवक्ता सुभाषिनी बोहत ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न केवल विधिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी, बल्कि नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी.उन्होंने कहा कि कई बार आपराधिक प्रकरणों में पूछताछ के दौरान व्यक्तियों को लंबे समय तक थाने में बैठाए रखने या गिरफ्तारी दर्ज करने में विलंब जैसी शिकायतें सामने आती रही हैं.

## समर्थन मूल्य 2700 रुपये प्रति क्विंटल करने सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज
**गंजबासौदा, भारतीय किसान संघ तहसील गंजबासौदा, जिला विदिशा द्वारा शुक्रवार को नया बस स्टैंड मेला ग्राउंड में बड़ी संख्या में किसानों का सामूहिक आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता पूजन से हुई, जिसके पश्चात सैकड़ों किसानों ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में प्रमुख मांग रखी गई कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार गेहूं की खरीदी 2700 रुपये प्रति क्विंटल की जाए. साथ ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की ड्यू डेट 28 मार्च से बढ़ाकर 15 मई की जाए. किसानों ने बेतवा मेजर प्रेसराइज्ड सिंचाई योजना से छूटे गांवों को जोड़ने, समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर धर्मकांटे से तुलाई कराने तथा प्रति बोरा 5 रुपये की वसूली बंद करने की मांग की. इसके अलावा सरसों, चना, मसूर आदि फसलों के पंजीयन शीघ्र प्रारंभ करने, शासकीय रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराने, मूंगफली-तिल्ली बीज उपलब्ध कराने एवं मुख्यमंत्री कृषि पंप अनुदान योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने की मांग भी की गई. कार्यक्रम में संघ के कई पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे.

# दिव्यांगता अब नहीं रोकेगी बच्चों के कदम



नवभारत न्यूज
**नटेरन, समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जनपद शिक्षा केंद्र नटेरन में दिव्यांग बच्चों के लिए जीवन उपयोगी सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सूर्यप्रकाश मीणा ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अब दिव्यांगता बच्चों के कदम नहीं रोक सकेगी. भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक दिव्यांग बच्चे को लाभान्वित किया जा रहा है.**

उन्होंने कहा कि सहायक उपकरणों के माध्यम से बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है और वे अब हर क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं. कार्यक्रम में भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को के माध्यम से चिन्हित 35 बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए. बीआरसी ईश्वर प्रसाद शर्मा ने बताया कि ब्लॉक में 102 दिव्यांग विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है. कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के दैनिक जीवन को सुगम बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है. इस अवसर पर तहसीलदार आनंद जैन, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे. अंत में एमआरसी सुमित तिवारी ने आभार व्यक्त किया तथा मंच संचालन शिक्षक अंकित गुप्ता ने किया.

## अवैध वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज
विदिशा, कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों के द्वारा सघन जांच पड़ताल अभियान के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है. जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि जिले में अवैध एवं नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. उक्त निर्देशों के पालन में आज नटेरन एवं अशोकनगर रोड, विदिशा क्षेत्र में विशेष वाहन जांच कार्यवाही की गई. चेकिंग अभियान के दौरान कुल 12 वाहन मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई.

## विजया एकादशी पर चांदी के नोटों से सजा श्याम दरबार, प्रभात फेरी में गूंजे जयकारे



नवभारत न्यूज
**गंजबासौदा, विजया एकादशी के पावन अवसर पर शुक्रवार को वार्ड नंबर 21 स्थित भगवान श्री रामदेव मंदिर में बाबा श्याम का दरबार चांदी के नोटों से भव्य रूप में सजाया गया. विशेष श्रृंगार में श्रद्धा, आस्था और विजय का अद्भुत संगम देखने को मिला. अलौकिक सजावट के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे.**

मंदिर परिसर भजनों की गूंज और धूप-दीप की सुगंध से श्याममय हो गया. नगर में स्थित खाटू श्याम मंदिर में विजया एकादशी पर विशेष आयोजन किए गए. सुबह हनुमान चौक से प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु हाथों में श्याम ध्वज लिए जय श्री श्याम और हारे का सहारा श्याम के जयकारे लगाते हुए प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंचे. प्रभात फेरी में युवाओं, मातृशक्ति और वरिष्ठ श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही. मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन एवं विशेष आरती संपन्न हुई. दिनभर दर्शन का सिलसिला जारी रहा. शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति दी गई. मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए. श्रद्धालुओं का मानना है कि एकादशी पर बाबा श्याम के दर्शन से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और कार्यों में सफलता प्राप्त होती है. कई भक्तों ने परिवार की सुख-शांति, रोग-व्याधि से मुक्ति और रोजगार में उन्नति की कामना की.

# सिविल अस्पताल बदहाल अव्यवस्थाओं से जूझ रहा




नवभारत न्यूज
**सांची,विश्व धरोहर स्थल सांची स्तूप की पहचान रखने वाली नगरी में निर्मित सिविल अस्पताल आज व्यवस्थागत कमियों के कारण अपेक्षित स्वास्थ्य सेवाएं देने में असमर्थ नजर आ रहा है. करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित भव्य भवन और उपलब्ध कराई गई मशीनों के बावजूद अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों और तकनीकी स्टाफ की कमी साफ दिखाई दे रही है.**

पूर्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रहे इस अस्पताल को क्षेत्र की महत्ता को देखते हुए सिविल अस्पताल का दर्जा प्रदान किया गया था. उद्घाटन के समय आधुनिक सुविधाओं और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का भरोसा दिलाया गया था.प्रारंभिक दौर में आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध कराए गए, ताकि स्थानीय स्तर पर ही जांच और उपचार संभव हो सके.हालांकि समय के साथ कई व्यवस्थाएं प्रभावित होती गईं.एक्स-रे मशीन लंबे समय तक बंद रहने के बाद हाल ही में पुन: संचालित हुई, जबकि अन्य उपकरण तकनीकी स्टाफ के अभाव में उपयोग में नहीं आ पा रहे हैं.वर्तमान में अस्पताल में सीमित स्थायी चिकित्सकों के सहारे 24 घंटे सेवाएं संचालित की जा रही हैं.विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण गंभीर रोगियों को अन्य शहरों के अस्पतालों का रुख करना पड़ता है.

## ढाई घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बंद

नवभारत न्यूज
सिरोंज, बिजली कंपनी सिरोंज शहर के प्रबंधक ने बताया 11 केव्ही जिस कारण 11 केव्ही यूनिवर्सिटी फीडर की सप्लाई दोपहर 3 बजे से शाम 5.30 बजे तक बंद रहेगी.जिससे यूनिवर्सिटी, भोपाल रोड, मंशापूरण, तहसील, कोर्ट एरिया, लटेरी रोड, हाथीथान, काला बाजार, पुराना बस स्टेण्ड, तलैया इत्यादि क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी.

## विधिक शिविर में दी कानून की जानकारी



नवभारत न्यूज
**विदिशा,** विठ्ठलनगर स्थित अपना घर आश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शिवानी चतुर्वेदी एवं एडवोकेट अनिमेष तिवारी ने सहभागिता की. शिविर का उद्देश्य आश्रम में निवासरत लोगों को उनके कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा. कार्यक्रम के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती चतुर्वेदी ने महिला अधिकार, घरेलू हिंसा अधिनियम, वरिष्ठ नागरिक संरक्षण कानून एवं नि:शुल्क विधिक सहायता संबंधी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी.

**लापरवाही** | **विगत 7 माह का वेतन नहीं मिला है कर्मचारियों को**

# वेतन से वंचित नपा कर्मचारियों को नहीं मिल रही इच्छा मृत्यु

**कुरवाई,** नगरपरिषद कुरवाई के अनेक कर्मचारियों का 7 माह से वेतन भुगतान नहीं हुआ है, विगत एक पखबाडा पूर्व नपा कर्मचारियों ने आवेदन पत्र सौंप कर इच्छामृत्यु प्रदान करने की मांग की गई थी. गत दिवस आवेदन की जांच करने जिले से शरीर विकास अधिकरण परियोजना अधिकारी जावर खान को कुरवाई भेजा गया. मीडिया से चर्चा करते हुए जांच अधिकारी जावर खान ने बताया कि उनके द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण अतिषीघ्र किए जाने की अनुषंसा की जा रही है. कर्मचारी अपना धैर्य बनाये रखें, उनके साथ कोई अन्याय नहीं होगा. कर्मचारियों का कहना है कि नगर परिषद में जो भी नये प्रभारी सीएमओ आते हैं, कोई भी जिम्मेदारी नहीं लेते हैं, विगत एक साल में नगरपरिषद कुरवाई में दस सीएमओ प्रभार ले चुके हैं, नगर परिषद के इन मैदानी कर्मचारियों ने जांच अधिकारी के समक्ष बताया कि विगत 7 माह का उन्हें वेतन नहीं मिला है, उनका एनपीएस पीएफ काटा जाता है. उनके द्वारा बैंक संस्थाओं से कर्ज लिया गया है. परिषद के वाहन चालक ओमप्रकाष राय, फायरमैन रामस्वरूप रायकवार, बालकृष्ण विष्वकर्मा, राकेषसिंह यादव, बृजमोहन रायकवार, महाराजसिंह कुषवाह सहित अनेक कर्मचारियों का कहना है कि उनका परिवार अत्यधिक मानसिक तनाव में जीवनयापन कर रहा है. सभी स्थाई अस्थाई व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के विगत 7 माह से रूके वेतन को तत्तकाल भुगतान करवाया जाये, यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो इस हालत में परिवार के किसी भी सदस्य के द्वारा आत्म हत्या किए जाने पर संपूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रषासन की होगी.




**कभी भी फिजूलखर्ची पर रोक नहीं**

ज्ञातव्य है कि नगरपरिषद कुरवाई को शासन के द्वारा प्रतिमाह चुंगी क्षतिपूर्ति की राषियो के अनुदान से चल रही है, उससे भी आधे कर्मचारियों का वेतन भुगतान हो पाता है, एक दषक पूर्व नगरपरिषद में किए गए अनियमित कार्यो के परिणाम स्वरूप नगर परिषद की आर्थिक स्थिति तबाह हो चुकी हैं, नगर परिषद की वित्तीय हालत के लिए जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने कभी भी फिजूलखर्ची पर रोक नहीं लगाई, आय से अधिक व्यय किए जाने के कारण अब नगरपरिषद रोजमर्रा के कामकाज भी सही ढंग से संचालित नहीं कर पा रही है.

## प्राथमिक शाला का डीपीसी ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज
**गंजबासौदा,** जिले के डीपीसी आरपी लखेरा एवं एपीसी दिलीप साहू द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला काला पठार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं भौतिक व्यवस्थाओं को देखकर अधिकारीगण अत्यंत प्रसन्न हुए. विद्यालय प्रभारी पृथ्वी सिंह रघुवंशी के प्रयासों की डीपीसी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि प्रभारी के व्यक्तिगत प्रयासों से विद्यालय के स्वरूप में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है, जिससे यह विद्यालय जिले की श्रेष्ठ एवं अनुकरणीय शालाओं में शामिल हो गया है.डीपीसी लखेरा ने शैक्षणिक स्तर का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया तथा विद्यालय प्रभारी को पुरस्कृत करने की अनुशंसा भी की.

शुभ हो आपकी हर सुबह, हर दिन, और पूरा जीवन...
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर / एप स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे आनंद लीजिए.
एन्ड्रॉयड
आई फोन